पत्र संख्या-स्था-5(ख) पदोन्नति वरिष्ठ सहायक 2025-26// 2249 // राज्य कर

कार्यालय, आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक // 30 जुलाई, 2025

**समस्त संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक)/**
**आहरण वितरण अधिकारी,**
**राज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या-1681 दिनांक 04-07-2025 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें जिसके माध्यम से दिनांक-30-06-2020 तक नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की अपूर्ण वार्षिक प्रविष्टियां पूर्ण कराते हुये अद्यावधिक मूल चरित्र पंजिकाये तथा प्रारूप - क में सूचना मुख्यालय को प्रत्येक दशा में दिनांक-24-07-2025 तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे परन्तु वांछित सूचना अभी तक अप्राप्त है।

अवगत कराना है कि कार्मिक अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2/2025/529/सैतालिस-का-1-2025-13(1)/2022 दिनांक 02-07-2025 द्वारा चयन वर्ष 2025-26 में पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही दिनांक 15-08-2025 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक-30-06-2020 तक नियुक्त कनिष्ठ सहायको (सूची संलग्न) की अपूर्ण वार्षिक प्रविष्टियां पूर्ण कराते हुये अद्यावधिक मूल चरित्र पंजिकाये तथा प्रारूप-क में सूचना दिनांक 31-07-2025 तक मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

स्मरण रहे की उपरोक्त निर्धारित प्रारूप के स्तम्भ-07 की वॉछित सूचना तथा अन्य वॉछित अभिलेख निर्धारित अवधि में मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक है यदि निर्धारित समयावधि में उक्त वॉछित सूचनाये अप्राप्त रहती है एवं चयन की कार्यवाही में ऐसी किसी सूचना/ प्रविष्टि के अभाव में अन्यथा निर्णय लिए जाने की स्थिति उत्पन्न होती है ता उसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

संलग्नक- उपरोक्तानुसार।

ह०/
(सुनील कुमार वर्मा)
-अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक-// उक्त।**

**प्रतिलिपिः-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:-

1- समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त वॉछित सूचनाएं मुख्यालय पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

30/7/2025
(रवि शेखर सिंह)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अरा0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।